

# माँ राजराजेश्वरी मैयाजी का मौसमी फलों से हुआ अलौकिक श्रृंगार

**गोटेगांव।** अंतर्गत धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर स्थित अतिसुंदर कलात्मक आकर्षक मनमोहक भव्य मंदिरजी में विराजमान अनंतकोटि ब्रह्मांड नायिका मां भगवती त्रिपुरसुंदरी राजराजेश्वरी माताजी का चैत्र नव रात्रि पावन पर्व नवसंवत्सर के शुभ अवसर पर प्रतिदिन अलग अलग रूप में श्रृंगार किया जाता है,इसी के चलते छठवें दिवस मॉ राजराजेश्वरी मैयाजी का विभिन्न प्रकार के लाजवाब जायकेदार विभिन्न प्रकार के मौसमी स्वादिष्ट फलों से सुसज्जित मनोहरी दिव्य दर्शन हेतु अलौकिक भव्य श्रृंगार किए जाने पर श्रद्धालुबधुंओ का मनमोहक अद्वितीय श्रृंगार को देखकर मन दर्शन करते शही प्रफुल्लित हो उठने के उपरांत मैयाजी के दरबार में श्रद्धालु बंधुओं द्वारा असीम आस्था लगन से विशेष पूजन अर्चन आरतीवंदन करने के पश्चात ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराजश्री के समाधि स्थल पर जाकर भक्तिभाव श्रद्धा पूर्वक दर्शन कर धर्मलाभ उठाकर अपना मानव जीवन सफल बना रहे हैं।

## माता रानी की प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र



**गोटेगांव** स्थानीय श्रीधाम रेलवे स्टेशन स्थित आस्था का प्रतीक प्राचीन मां सिंगवहिनी मैयाजी के मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर रोजाना मां सिंहवाहिनी मैयाजी की पूर्ण विधि विधान मंत्र उच्चारण भक्ति भाव के साथ पूजन अर्चन आरती वंदन किए जाने के साथ ही मां सिंगवाहिनी दरबार में भव्य आकर्षक मनमोहक मातारानी की प्रतिमा के साथ 151 कलश जवारे की स्थापना की गई है, और मातारानी की यह आकर्षक मनमोहक प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है रोजाना यहां सैकड़ो श्रद्धालु भक्तों की बड़ी संख्या में यह मनमोहक मातारानी के दर्शन करने के साथ-साथ पूजन अर्चन आरती वंदन मातारानी का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं, मंदिर समिति द्वारा बताया गया है कि मां सिंहवाहिनी मंदिर में अष्टमी के दिन रविवार को 1001 दीपों की भव्य महाआरती की जाएगी।

## जय हनुमान दुर्गा मंडल रेलवे के पास बिराजी जगत जननी



**नरसिंहपुर।** रेलवे गेट के पास उद्योग नगरी जय हनुमान दुर्गा मंडल में सामूहिक जवारे की स्थापना की गई है जो की दिनांक 30 3 2025 से 8 4 2025 में विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो कि शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए निकलेगी इस यात्रा में मंडल के सभी सदस्यों द्वारा जन-मानस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है प्रतिदिन माता रानी की आरती के साथ-भक्तों का आयोजन किया जाता है इसी वर्ष जन आकर्षक का केंद्र बनी झांकी नरसिंहपुर में नहीं मध्य प्रदेश में चर्चा का विषय रही आप सभी शहर वासियों से आग्रह है कि इस बार भी माता रानी के दर्शन लाभ मैं सहभागी बने।

कटौती

प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही से नगरपालिका कंगाल हुई

# बमुश्किल डेढ़ करोड़ का बिजली बिल चुका





**नरसिंहपुर।** वित्तीय स्थिति को सुधारने में प्रयासरत नरसिंहपुर नगरपालिका को प्रदेश स्तर पर मदद मिलने के बजाय झटके पर झटके मिल रहे हैं। कभी चुंगी से सफाई कंपनी को हो रहा है। तो कभी अन्य मदों से विभिन्न बकाया बिलों के नाम पर कटौती हो रही है। इसका नतीजा ये है कि नगरपालिका के कर्मचारियों-अधिकारियों के समक्ष वेतन के लाले पड़ गए हैं। ऐसा ही बड़ा मामला अब बकाया बिजली बिल को लेकर सामने आया है। बताया गया कि शासन ने नगरपालिका को विकास के मिलने वाली विशेष अनुदान राशि को डेढ़ करोड़ के बिजली बिल में समायोजित कर दिया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद नगरपालिका प्रशासन हतप्रभ है।

### इतनी रकम समायोजित

वर्ष 2021 के दौरान गौरव दिवस मनाने के नाम पर किए गए मनमाने खर्चों के कारण नगरपालिका की वित्तीय स्थिति बुरी तरह से बिगड़ गई थी। जिसकी प्रतिपूर्ति आज तक नहीं हो सकी है। इसके कारण शहर में एचटी और एलटी लाइनों का बिजली बिल ही दो करोड़ रुपए तक पहुंच गया था। जिसे नगरपालिका अदा नहीं कर पा रही थी। हालांकि वर्ष 2024 में जब सीएमओ के रूप में नीलम गोवर्धन चौहान ने पदभार संभाला तो हालातों में सुधार होना शुरू हुआ। बिजली बिल का किस्तों में भुगतान भी शुरू हुआ। इसमें क्रमबद्धता आई ही थी कि प्रदेश स्तर से नवंबर से जनवरी माह के बीच चुगी की राशि में से बिजली बिल के र रूप में लाखों की किस्तें काटने का सिलसिला शुरू हो गया। सबसे बड़ी कटौती बीते फरवरी माह में सामने आई। बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए नगरपालिका के लिए विशेष अनुदान राशि के रूप में एक करोड़ 52 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे। जिसे प्रदेशस्तर पर ही बिजली बिल में समायोजित कर दिया गया। जबकि इस कटौती के दस दिन पूर्व ही नगरपालिका ने करीब 14 लाख रुपए का बिजली बिल अदा किया था। नगरपालिका प्रशासन के अनुसार स्थानीय स्तर पर अदा राशि और प्रदेश स्तर पर हुई डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की कटौती के बाद कुल बिल से अधिक की राशि जमा हो गई है। इसका आकलन कराया जा रहा है। सीएमओ नीलम गोवर्धन चौहान के अनुसार एचटी लाइन के रूप में 1 करोड़ 18 लाख रुपए और एलटी लाइनों का 33 लाख रुपए ही बकाया था।

### फिर संकट में नगरपालिका

जानकारों के अनुसार चुंगी के अलावा समय-समय पर विकास कार्यों और अन्य जरूरी खर्चो के लिए प्रदेश शासन से निकाय को विशेष अनुदान राशि भी मिलती है। अब जबकि डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की राशि को सिर्फ बिजली का बिल अदा करने में ही खपा दिया है। ऐसे में नगरपालिका में फिर वित्तीय संकट बढ़ गया है। कर्मचारियों के साथ-साथ अधिकारियों के समक्ष वेतन के लाले पड़ गए हैं। विकास के काम कराना तो फिलहाल दूर की कौड़ी है। निकाय प्रष्शासन के समक्ष बड़ी चुनौती महीनों से लंबित कर्मचारियों का वेतन भुगतान करने की है। इसे मिलाकर कुल राशि 1 करोड़ 51 लाख रुपए खेती थी। शासन द्वारा एक करोड़ 52 लाख रुपए, इसके पूर्व नपा द्वारा जमा कराए गए 14 लाख रुपए को मिला दें।

## चलती ट्रेन से कूदे नेपाल के दो भाई, घायल

**नरसिंहपुर।** जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर गुरुवार सुबह ट्रेन से कूदने के कारण के दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रेल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवकों के नाम अमित कुमार. विनोद कुमार निवासी जिल्ला महतरा नेपाल बताया गया है। वे अप दिशा की 12296 संघमित्रा सुपरफास्ट ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। रेलवे अस्पताल के चिकित्सक आरआर कुरे ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे संघमित्रा ट्रेन में सफर कर रहे अमित कुमार ने चालतो ट्रेन से छलांग लगाई, जिससे उनके सिर में गभीर चोट आई। इस घटना को देखकर उसका छोटा भाई विनोद कुमार भी चलती ट्रेन से कूद गया। जिसके कारण उसके सिर के ऑक्सिपिटल रीजन में करीब 2 इंच लबा गहरा घाव हो गया। घटना को सूचना मिलते हो डिप्टी स्टेशन मास्टर ने रेल अस्पताल से संपर्क साधा। जिसके बाद डॉ. आरआर कुरे ने मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक इलाज दिया। गंभीर स्थिति में दोनों भाइयों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉ. कुरें ने इस घटना के बाद यात्रियों से चलती ट्रेन में चढ़ने-उतरने की कोशिश न करने की अपील की है, क्योंकि यह जानलेषा हो सकता है।



# सीआरपीएफ जवान कमल साहू सेवा निवृत्त हुये

**नवभारत,.हिंडोरिया।** नगर के अब्दुल्ला वार्ड नं.6 के निवासी कमल साहू पिता मोहनलाल साहू के बतौर हवलदार केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में 21 वर्ष की सेवा पूर्ण कर निवृत होने पर उनके सम्मान में विशाल सेवा निवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया. सर्व प्रथम अपने गृह नगर हिंडोरिया आगमन पर बस स्टेण्ड चौराहे पर उनका बाजे गाजे, आतिश बाजी, डीजे, राष्ट्रीय नारों के उदघोष व तिरंगा ध्वज लहलहाते हुये एक विशाल स्वागत सत्कार यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों पर निकाली गई. सैनिक सम्मान यात्रा का स्थानीय बस स्टेण्ड पर जामा मस्जिद सदर नबाब खान आर आई, सुजात खान, होशियार चक्रवर्ती,रफीक मासाब, शानु खान, शहजाद कुरैशी,मुहम्मद सामी, घप्पू भाई फरहद खान, समीर शा, सहित अनेक मुस्लिम भाईयों द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। इसके पश्चात उनके निवास परिसर मे एक यादगार स्वागत सत्कार का मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान अनेक वक्ताओं ने देश भक्ति से ओत- प्रोत एवं प्रेरणा दायक विचार रखे.ज्ञातव्य हो कि सैनिक कमल साहू सीआरपीएफमें अपने 21 बर्ष पूर्ण करने पर 03 मार्च 2025 को ही सेवा निवृत्त हुये है.समारोह के अंत मे शानदार प्रतिभोज का आयोजन किया गया.इस अवसर पर जवान कमल साहू उनके पिता मोहन लाल साहू भाई हरीराम साहू, मनोहरलाल साहू, अजय साहू सहित अनेक स्वजातीयजनों, परिजनों, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों ,मीडिया साथियों व ईष्ट मित्रों आदि ने उनके दीर्घायु उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना के साथ बधाई दी.




# वन कर्मियों पर दलित महिला से मारपीट करने का आरोप

नवभारत,तेंदूखेड़ा। तेंदूखेड़ा नगर से करीब 30 किलोमीटर दूर सर्रा वन परिक्षेत्र अंतर्गत कोटखेड़ा ग्राम में वन कर्मियों पर आरोप लगा है कि दो दलित महिलाओं से मारपीट की और परिजनों को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है. वन विभाग की जमीन वर्षों से कब्जा है,इस संबंध में जानकारी लेने पर पीड़ित महिलाओ और परिजनों ने बताया कि उक्त जमीन पर हमारा दादा,परदादा के जमाने से कब्जा है.शुक्रवार को वन विभाग के कर्मचारी अचानक आकर हमारी जमीन पर लगी पत्थर की खाखरी तोड़ने लगे.जिसका विरोध करने पर गंदी-गंदी गालियां देने लगे और पाइप से मारपीट कर दी. जिससे पूना बाई पति जमुना अहिरवार और सास घायल हो गई. वहीं पूना बाई जब जेसीबी पर चढ़ने लगी तो जेसीबी चालक के साथ बैठे वनकर्मी ने धक्का देकर गिरा दिया और जेसीबी चढ़ाने की कोशिश का आरोप लगा.जिससे गिरकर पूनाबाई बेहोश हो गई,जिसे परिजन तेंदूखेड़ा सामुदायिक केंद्र लेकर जहां डाक्टरों के उपचार से महिला की हालत ठीक है.

### कोर्ट में मामला

महिला के पति जमुना अहिरवार और परिजनों ने बताया कि हमारा मामला कोर्ट में चल रहा है और जो फैसला होगा. उसी के आधार पर हम लोग जमीन पर खेती करेंगे या छोड़ देगे, परंतु वन कर्मी महराज और डिप्टी रेंजर लाखन ने मारपीट कर घायल कर दिया और बंदूक से मारने की धमकी दिए जाने के आरोप भी लगे.

# रुद्र प्रताप ठाकुर ने किया सराहनीय कार्य



**नवभारत,पथरिया।** रुद्र प्रताप ठाकुर, ग्राम बासाकला द्वारा बहुत साराहनिय कार्य किया गया है उन्होंने कलेक्टर श्री कोचर के आदेशों का पालन किया पहले वो अपने खेत की नरवाई में आग लगाते थे लेकिन नरवाई प्रबंधन के लिए अपने खेत पर लगभग तीन एकड़ में रोटावेटर से फसल अवशेष को मिट्टी में मिलाया इसके दो फायदे हैं एक तो यह की फसल अवशेष छोटे-छोटे टुकड़ों में होकर मिट्टी में मिल जाएंगे, खेत की हल्की ग्रीष्मकालीन जुताई हो जाएगी, मानसून आने पर बारिश का पानी मिट्टी में गहराई तक जाएगा और और फसल अवशेष सड़कर मिट्टी में मिलने से खाद का काम करेंगे जिससे मिट्टी भुरभुरी व उर्वर बनेगी।

# युवती के साथ किया दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**उमरिया नवभारत 4 अप्रैल।** जिले के पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पीड़िता ने अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़िता ने बताया कि 1 अप्रैल को वह शहडोल के स्कूल में कक्षा 11वीं की मार्कशीट लेने गई थी। शाम करीब 6 बजे जब वह साइकिल से अपने गांव लौट रही थी, तभी गांव तिराहा के पास एक युवक ने उसे रोक लिया। पीड़िता के अनुसार बाइक सवार युवक ने उसकी साइकिल के आगे अपनी बाइक लगाकर रास्ता रोक दिया। जब उसने वहां से भागने की कोशिश की तो मारपीट की और पास के जंगल में ले गया। वहां महुआ के पेड़ के नीचे बैठाकर उसने कहा कि उसकी शादी नहीं हुई है और वह पीड़िता से रोज मिलने की बात करने लगा। जब युवती ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसे धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने जबरन तीन बार उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद जब पीड़िता ने पानी पीने के बहाने वहां से भाग निकली। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना बताई जिसके बाद थाना पाली में रिपोर्अ दर्ज कराई।



# प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य विराजी माँ मनसा देवी

**नवभारत,पथरिया।** जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर है एवं तहसील मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में ग्राम उमराहो में पहाड़ी पर प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य माँ मनसा देवी मंदिर में विराजी हुई हैं वही पहाड़ी के नीचे सिद्ध बाबा महाराज विराजमान हैं और वहीं समीप पर सिद्ध पुरुष पल्टू बाबा प्रसिद्ध हुए। उक्त धार्मिक स्थलों पर वर्ष भर कथा,मुंडन,जन्मदिन,शादी,पिकनिक जैसे कार्यक्रम होते रहते है प्रत्येक नए वर्ष की एक तारीख को पचासों हजारों से भी अधिक की संख्या में लोग पहुँचते आते हैं यहां ऐसी मान्यता है कि लोग पूजा अर्चना कर मिन्नते मांगते हैं यदि कोई भक्त सच्चे मन श्रद्धा से माँ मनसा देवी के चरणों में माता टेक कर कुछ माँगता है तो माँ उसकी इच्छा पूर्ण करती हैं। यहां मौजूद पेड़ पौधों की हरियाली और विचरण करते हिरणों, मयूरो, खरगोशो, नीलगायों की वजह से अति मनोरम एवं सुंदर व सुकूनदायक हो जाता है वैसे मनसा माता जी के यहां जाने के लिए पक्का रास्ता भी है लेकिन अनेकों भक्त चैत नवरात्रि के अवसर पर जल चढ़ाने के लिए 272 सीढ़ियां चढ़कर जाते हैं।

# बच्चों को वितरित की शिक्षण सामग्री

**उमरिया नवभारत 4 अप्रैल।** जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा विकासखंड बिरसिंहपुर पाली ग्राम पंचायत गौरइया के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम विद्यालय प्रधान अध्यापक वीना सिंह शिक्षिका विमल स्कूल चले हम अभियान वालंटियर हिमांशु तिवारी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात नव प्रवेशी बच्चों का शिक्षकों को युवा टीम द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरण की गई। प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर में देशभक्ति गीत एवं संस्कृति नृत्य का भी हुआ आयोजन हुआ। उपस्थित नवप्रवेशी बच्चों के पालकों को विद्यालय प्रधान अध्यापक बीना सिंह ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को योजना से अवगत कराया गया। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने कहा कि प्रवेश उत्सव में छात्राओं एवं पालकों को बताया कि ज्ञान का अर्जन कैरियर के लिए कितना महत्व रखता है। छात्राओं के लिए पढ़ाई जिंदगी में बहुत मायने रखती है, क्योंकि आगे चलकर वह दो पीढियों, दो परिवारों में समन्वय से शिक्षा की डगर को आगे बढ़ाती है। इस दौरान विद्यालय प्रधान अध्यापक बीना सिंह, शिक्षिका विमल सिंह, खुशी सेन, महक सोनी, शिखा बर्मन, लक्ष्मी महोबिया, खुशबू बर्मन, मुस्कान महोबिया, आशु मरावी, सार्थक विश्वकर्मा, अनुराधा पनिका व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# निषादराज जयंती पर निकली शोभायात्रा, झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

**डिंडोरी नवभारत 4 अप्रैल।** गुरुवार को निषादराज जयंती महोत्सव श्रद्धा भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान नगर के मध्य गाजे-बाजे व आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी तादाद मे बर्मन-मांझी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। तदुपरान्त श्री निषादराज और भगवान श्रीराम के मिलाप पर जबलपुर से आये कलाकारों ने नाट्य मंचन कर प्रस्तुतियां दीं इस अवसर पर आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में समाज के प्रतिह्यभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कंचन बर्मन, कक्षा पांचवीं की छात्रा आर्या बर्मन देवरा, जिन्होंने राजूषा हायर सेकेंडरी स्कूल डिंडोरी से अध्ययन प्राप्त कर कक्षा पांचवीं में 77 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी तरह परि बर्मन पांचवीं, सरस्वती शिशु मंदिर, वहीं कक्षा आठवीं की माही बर्मन 86 प्रतिशत, कक्षा दसवीं की उर्वशी बर्मन 81 प्रतिशत को भी सम्मानित किया गया। इसी तरह वीर एकलव्य पुरस्कार से मानसी बर्मन एथलेटिक्स एवं आशी नाविक ने बास्केटबॉल में अपना परचम लहराया हैं। प्रमोद बर्मन को जीवन रक्षक पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो एक बच्चा नर्मदा में डूब रहा था तभी अपनी जान जोखिम में डालकर प्रमोद बर्मन ने बच्चे को बचाया था। आदित्यराज बर्मन के द्वारा शिव तांडव किया गया, जिसमें उन्हें नगद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में सरमन लाल बर्मन, शंभू लाल बर्मन, अवधेश बर्मन, बैसाखू बर्मन, सुदील बरमैया, शुशील बर्मन, राजेन्द्र बर्मन, अजय बर्मन, केशव बर्मन, दुर्गेश बर्मन, शिवराम बर्मन, योगेन्द्र बर्मन, सुधीर बर्मन, विमल बर्मन, राजकुमार बर्मन, पूर्व पार्षद राजू बर्मन, गोविंद बर्मन, दिनेश बर्मन, सहित सामाजिक बंधु शामिल रहे।

